हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 11 जनवरी 2026

06 सिविल अस्पताल परिसर में भारी वाहनों का...



09 वीबी जी राम जी योजना से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई ऊंचाईयां...






## समाचार संक्षेप

### पुनर्गठित पीएम स्वनिधि योजना' के तहत ऋण आवेदन प्रक्रिया शुरू

**राघौगढ़** । अब 15,000 से होगी शुरुआत भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के पुनर्गठित स्वरूप को लागू कर दिया गया है। इस योजना के तहत अब राघोगढ़ नगर पालिका परिषद मैं पंजीकृत रेहड़ी-पटरी विक्रेता के लिए ऋण आवेदन की प्रक्रिया राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की शाखा में सक्रिय रूप से की जा रही है। साथ ही नवीन पथ विक्रेताओं के पंजीयन शहरी कामगार पोर्टल में किया जा रहे हैं!



### नगर में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**राघौगढ़।** नगर पालिका राघोगढ़ विजयपुर द्वारा शनिवार को नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत नगर के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों एवं आवासीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया। सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरे का संकलन कर उसका विधिवत निपटान किया गया, जिससे नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर मुख्य नगर अधिकारी (सीएमओ) तेज सिंह यादव, दरोगा मानसिंह जाटव, मेट महेश मेना सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों को नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। सीएमओ तेज सिंह यादव ने आम नागरिकों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने और गंदगी न फैलाने की अपील की।



### शाबाउमावि कैंट गुना के एनसीसी केयरटेकर सुरेंद्र प्रजापति बने थर्ड अफसर

**गुना** । 35 वाहनी एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजयवीर सिंह दहिया एवं सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट गुना के एनसीसी केयरटेकर सुरेंद्र कुमार प्रजापति की रैंक सेरेमनी कार्यक्रम 35 बटालियन मुख्यालय शिवपुरी में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विजय वीर सिंह दहिया एवं सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह मलिक ने श्री प्रजापति के कंधों पर थर्ड अफसर की रैंक लगाते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कैप्टेन मनोज कुमार भिरोरिया ने किया। आभार फर्स्ट ऑफिसर आर.एन. कोहली ने किया। सेरेमनी के दौरान 35 बटालियन के सीनियर जूनियर डिवीज़न के एनसीसी अधिकारी, बटालियन का सिविल स्टाफ मौजूद रहे। थर्ड अफसर सुरेन्द्र प्रजापति की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, शासकीय बालक उ.मा.वि.कैंट गुना की प्राचार्य श्रीमती सीमा शर्मा, वीरेंद्र मिंज, मनीष गुप्ता, जितेंद्र रघुवंशी, शा.उ.मा.वि. कैंट गुना का समस्त स्टॉफ गुना जिले के समस्त एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टेन मनोज कुमार भिरोरिया, पूर्व एन.सी. सी. अधिकारी यशवंत शर्मा,सेकंड अफसर संजय झा, थर्ड अफसर लालकृष्ण शर्मा सहित जिले के सभी कैडेट्स ने बधाईयां एवं शुभकामनायें दी।



### आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना** । सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही कुशमौदा सबस्टेशन से निकलने 11 केव्ही कुशमौदा फीडर की सप्लाई आरडीएसएस योजनांतर्गत कार्य होने से दिनांक 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक नईबस्ती, कुशमोदा, कुशमोदा गांव, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल, गांधी नगर, पोल्ट्री फार्म, नया ओद्योगिक क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाय़ा भी जा सकता है।

### ई-टोकन द्वारा खाद वितरण विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

**गुना।** मप्र शासन द्वारा दिनांक 15 जनवरी 2026 से पूरे प्रदेश में ई-टोकन के द्वारा खाद वितरण व्यवस्था लागू की गई है। इसी क्रम में आज कार्यालय उपसंचालक कृषि जिला गुना में जिले की सहकारी समितियों के प्रबंधकों का ऑफलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी समिति प्रबंधकों को कृषकों को ई-टोकन जारी करने से लेकर ई टोकन द्वारा खाद क्रय करने के लिये कृषकों को जागरूक करने के निर्देशित किया गया। पूर्व में गुना जिले के सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं को भी ई-टोकन प्रणाली पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है।



# 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों के मतदाता सूची में नाम जोड़ने लगाए कैंप

## ग्वालियर संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

ग्वालियर संभाग आयुक्त मनोज खत्री की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल,अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सहित जिले के समस्त एसडीएम एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए संभाग आयुक्त श्री खत्री ने कहा कि मतदाता सूची जितनी साफ, शुद्ध एवं व्यवस्थित होगी, उतना ही निर्वाचन प्रक्रिया के लिए बेहतर होगा, कई प्रशासनिक गतिविधियों के लिए मतदाता सूची को आधार माना जाता है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर द्वारा आयोजित स्टैंडिंग कमेटी बैठकों में दिए गए निर्देशों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के माध्यम से सभी बूथ लेवल एजेंट (BLA) तक अनिवार्य रूप से पहुंचाया जाए।




इसके लिए आवश्यकता होने पर गूगल मीट अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का भी उपयोग किया जा सकता है।

अपर कलेक्टर अखिलेश जैन ने पीपीटी के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में 4 ईआरओ एवं 26 एईआरओ कार्यरत हैं। एसआईआर-2026 अंतर्गत मैपिंग में मात्र 1.18 प्रतिशत नो-मैपिंग शेष है। जिले का इलेक्टोरल जेंडर रेशियो 914.79 तथा ईपी रेशियो 57.08 है। उन्होंने युवा मतदाता, 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग मतदाता तथा फॉर्म-6, 7 एवं 8 की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की।

संभाग आयुक्त श्री खत्री ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा सामान्यतः 18 वर्ष की आयु के छात्र कक्षा 12वीं या कॉलेज के प्रथम वर्ष में अध्यनरत होते हैं उनके नाम भी मतदाता सूची में शामिल किये जाने के लिये कैंप लगाये जाने के निर्देश दिये।

## हिंदू-मुस्लिम एकता के साथ गूंजे देशभक्ति व राष्ट्रप्रेम के जयकारे

# सांप्रदायिक सौहार्द्र की अनूठी मिसाल बनी सेमरी बालाजी धाम की झंडा यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना/आरोन

आरोन नगर से लगभग 25 किलोमीटर दूर गुना रोड स्थित प्रसिद्ध सेमरी बालाजी धाम तक निकाली गई भव्य पैदल झंडा यात्रा ने श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का अनुपम संदेश दिया। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि इसमें हिंदू-मुस्लिम समुदाय की सहभागिता ने भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की मिसाल पेश की।झंडा यात्रा का शुभारंभ सुबह ठीक 10 बजे नगरवासियों की आस्था के केंद्र श्री दास हनुमान मंदिर से हुआ। यात्रा से पूर्व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात समाजसेवी प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया। शुभारंभ के साथ ही वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा।यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में भगवा झंडे लिए जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ पैदल चलते नजर आए।

जैसे-जैसे झंडा यात्रा आगे बढ़ी, पूरा मार्ग धार्मिक नारों, देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम के उद्घोष से गूंजता रहा। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय जन प्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया, जिससे माहौल और अधिक भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बन गया। दोपहर के समय झंडा यात्रा सेमरी बालाजी धाम पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मंदिर परिसर में झंडा चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात भगवान हनुमान की आरती संपन्न हुई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस आयोजन में भगवान विश्वनाथ कावड़ यात्रा समिति के संयोजक शक्ति शर्मा की विशेष भूमिका रही। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त कर कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी सद्भाव, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है। श्रद्धालुओं का अनुशासन, उत्साह और भक्ति भाव इस आयोजन को अविस्मरणीय बनाता नजर आया।

### जिले में कायम है गंगा जमुनी तहजीब

यह पहला मौका नहीं है जब किसी धार्मिक यात्रा के दौरान गुना जिले में गंगा जमुनी तहजीब का नजारा देखने को मिला हो बल्कि जिले के लगभग प्रत्येक गांव और कस्बे में इस तरह के आयोजन आमतौर पर देखने को मिल जाया करते हैं ।

जब ताजियों के वक्त गुना में सबसे पहले निहाल सिंह का ताजिया कष्ट करता हुआ दिखाई देता है तो वही म्याना में डोल ग्यारस के विमानों को मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अपने कंधे पर रखकर गांव भर से निकाला जाता है ।अनेक ऐसे उदाहरण हैं जो गुना जिले को देश भर में अलग पहचान दिलाते हैं और सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल कायम करते हैं।





## सिद्धविनायक गणेश मंदिर के चांदी पीतल के सामान पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित सिद्धविनायक गणेश मंदिर में आस्था की आड़ लेकर चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सुबह मंदिर में दर्शन करने पहुंचे एक संदिग्ध युवक ने दंडवत प्रणाम किया, भगवान के सामने श्रद्धा दिखाई और मंदिर परिसर में काफी देर तक घूमता रहा, लेकिन रात होते-होते वही युवक मंदिर से चांदी और पीतल के कीमती सामान चोरी कर ले गया। यह पूरी घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है, जिसने न सिर्फ मंदिर समिति बल्कि शहर के लोगों को भी हैरान कर दिया है। इसके पूर्व बुधवार रात को चोरी ने मठकरी कॉलोनी से एक्टिवा चोरी की। गुरुवार सुबह उसी एक्टिवा से मंदिर के दर्शन करने पहुंचा और रात को उसी एक्टिवा पर सवार होकर मंदिर में हाथ साफ कर दिया।मंदिर के पुजारी अर्जुन मिश्रा ने बताया कि बीजी रोड स्थित सिद्धविनायक गणेश मंदिर से चांदी के दो छत्र चोरी हुए हैं, जिनका वजन आधा किलो से अधिक है और कीमत सवा लाख रुपये से ज्यादा आंकी जा रही है। इसके अलावा लगभग 30 किलो वजन के पीतल के घंटे भी चोरी कर लिए गए।

## कार से तस्करी की जा रही 60 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के आरोन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी लाल रंग की कार एमपी 07-7753 में डिग्गी के अंदर दो नीले रंग की केन में 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब भरकर ले जा रहा था। सहायक उप निरीक्षक शिवनंदन सिंह भदौरिया ने बताया कि कुशमान रोड पर घेराबंदी कर रिजोदा रोड निवासी शाहिद खान को दबोचा गया। तलाशी लेने पर कार से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई, जिसके परिवहन का उसके पास कोई लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने शराब और कार को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्रवाई में आरक्षक देवेंद्र कुशवाह, कुलदीप शाक्य और सचिन परिहार की मुख्य भूमिका रही।

### रुठियाई स्टेशन के पास पर्स ले उड़ा चोर

**गुना ।** रेलवे स्टेशन रुठियाई से ट्रेन रवाना होते ही एक शातिर चोर ने यात्री के कोट की जेब से पर्स पार कर दिया। घटना बीना-कोटा मेमू ट्रेन (11604) के जनरल कोच में घटित हुई। राघौगढ़ निवासी फरियादी महेश बोहरे ने बताया कि वे रुठियाई से कोटा की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन चलने के महज 5 मिनट बाद उन्हें एहसास हुआ कि उनके कोट की जेब में रखा पर्स गायब है। पर्स में 4000 रुपये नगद, आधार कार्ड, मेडिकेयर कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज रखे थे। कोटा से अपनी यात्रा पूरी कर लौटने के बाद पीड़ित ने जीआरपी थाना गुना में शिकायत दर्ज कराई है।

## कर्तव्य में लापरवाही पर गिरी गाज चाचौड़ा थाना प्रभारी लाइन हाजिर, एसपी अंकित सोनी का कड़ा संदेश लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ और शासकीय दायित्वों में लापरवाही पर पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने सख़्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहरा को तत्काल प्रभाव से पद से हटाकर जिला पुलिस लाइन, (लाइन हाजिर) कर दिया है।यह कार्रवाई गुमशुदगी के एक गंभीर मामले में युवती की बरामदगी के बाद उत्पन्न अराजक हालात और पुलिस बल पर हुए हमले को लेकर की गई है।

**क्या है पूरा मामला:** थाना चांचौड़ा में दर्ज गुमशुदगी क्रमांक 79/25 के तहत पुलिस द्वारा एक युवती को दस्तयाब किया गया। युवती की बरामदगी के बाद ग्राम पैंची में परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और नियमों को ताक पर रखकर युवती की सुपुर्दगी की मांग करने लगे।स्थिति तेजी से बिगड़ी और देखते ही देखते उग्र भीड़ ने पुलिस बल पर हमला कर दिया, जिससे कानून-व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई।

**थाना प्रभारी की लापरवाही पड़ी भारी:** पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश में थाना प्रभारी की गंभीर प्रशासनिक विफलता को साफ़ तौर पर रेखांकित किया गया है।

**स्थिति का गलत आकलन:** मामले की संवेदनशीलता को समय रहते समझने में पूरी तरह नाकाम रहे।मौके से अनुपस्थितिः विरोध और तनाव की सूचना के बावजूद स्वयं घटनास्थल पर नहीं पहुंचे।

**पुलिस बल की चूक:** हालात को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त बल की तैनाती नहीं की गई।इन घोर लापरवाहियों के चलते न सिर्फ़ पुलिस बल को निशाना बनाया गया, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था चरमरा गई।एसपी का सख़्त संदेशपुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कर दिया है कि"कर्तव्य में लापरवाही, ढिलाई और गैर-जिम्मेदाराना रवैया अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"आदेश क्रमांक पीए/60/2026 के तहत यह दंडात्मक कार्रवाई तत्काल प्रभाव से लागू की गई है।यह कार्रवाई पूरे पुलिस महकमे के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है कि जिम्मेदारी से भागने वालों पर अब सीधी और कठोर कार्रवाई होगी।

**दो पुलिसकर्मियों पर हुआ था हमला:** चाचौड़ा क्षेत्र के पैची गांव में सोमवार को पुलिस टीम पर हुए हिंसक हमले ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। कर्तव्य का पालन करते हुए कानून-व्यवस्था संभालने पहुंची पुलिस टीम पर गुस्साई भीड़ ने पत्थरबाजी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें एक एएसआई, एक प्रधान आरक्षक सहित दो अन्य आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।इस मामले में 29 नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा, शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। सोमवार रात को ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि शेष आरोपियों की तलाश में टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं ।

## संभागीय आयुक्त ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन सुनिश्चित हो

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

संभागीय आयुक्त मनोज खत्री द्वारा कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस एवं शासन की प्राथमिकता वाले बिंदुओं के संबंध में बैठक आयोजित कर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

संभागीय आयुक्त खत्री ने कृषि, स्वास्थ्य एवं पोषण, रोजगार, उद्योग एवं निवेश, नगरीय विकास, सुशासन, शिक्षा, ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य तथा कानून व्यवस्था की पीपीटी के माध्यम से गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन समय-सीमा में एवं प्रभावी रूप से किया जाए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा इसकी नियमित समीक्षा अधिकारियों द्वारा करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा में उप संचालक कृषि संजीव शर्मा ने जानकारी दी कि रबी सीजन 2025-26 में जिले के 3750 कृषकों द्वारा लगभग 3750 एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। इसके




अंतर्गत लगभग 1.30 लाख लीटर जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत एवं नीमास्त्र तैयार कर खेतों में उपयोग किया जा रहा है। प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों की मार्केटिंग के लिए हर रविवार को शास्त्री पार्क, गुना में हाट बाजार लगाया जा रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बताया कि प्रारंभ में 5 काउंटरों से जैविक उत्पादों का विक्रय किया जा रहा था, जिसे बढ़ाकर अब 15 से 18 काउंटर कर दिया गया है। आगामी समय में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर जैविक हाट बाजार लगाने का प्रस्ताव है। उक्त योजना में जिले को शासन स्तर की रैंकिंग में 5वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले को 22 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 118 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब तक 86 प्रतिशत प्रकरण स्वीकृत हो चुके हैं। शेष प्रकरणों में बैंक स्तर पर कार्यवाही प्रगतिरत है। संभागीय आयुक्त ने कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि गुना जिले में 58 शासकीय सहित कुल 78 गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें लगभग 8917 पशुधन संरक्षित है। संभागीय आयुक्त ने गौशालाओं में चारे एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नगरीय विकास की समीक्षा में बताया गया कि नगरीय क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों पर नियंत्रण के लिए दंड में वृद्धि तथा कॉलोनी अनुमति प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु नवीन अधिनियम की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिले में 210 अवैध कॉलोनियां चिन्हांकित की गई हैं, जिनके विरुद्ध 50 से अधिक प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

# सिविल अस्पताल परिसर में भारी वाहनों का लगा जमावड़ा

## एंबुलेंस का आवागमन मुख्य गेट से ही हो रहा बाधित, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर के सिविल अस्पताल परिसर में भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अस्पताल के अंदर भारी वाहनों की आवाजाही और पार्किंग व्यवस्था न होने से एंबुलेंस को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या विशेष रूप से महिला नसबंदी वाले दिनों में अधिक गंभीर हो जाती है, जब अस्पताल में मरीजों और वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में एंबुलेंस के फंसने से मरीजों को देर से अस्पताल पहुंचाया जाता है, जो कई बार उनकी जान के लिए खतरा बन सकता है। अस्पताल परिसर में न तो



सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था है और न ही भारी वाहनों के प्रवेश पर कोई प्रभावी नियंत्रण।

वहीं, कभी-कभी स्टाफ की कमी के चलते भी व्यवस्था चरमरा जाती है, जिसका सीधा असर आपातकालीन सेवाओं पर पड़ता है। इस गंभीर स्थिति के बावजूद अस्पताल प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि अस्पताल परिसर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए, पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए और एंबुलेंस के लिए अलग मार्ग सुनिश्चित किया जाए, ताकि मरीजों को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल सके।

### समाचार संक्षेप

## कुंभराज में सेवानिवृत्त प्राचार्य कैलाश नारायण राजोरिया का कुशलक्षेम जाना

**चाचौड़ा।** वरिष्ठ भाजपा नेता अवनीश राजोरिया, शिक्षक रजनीश राजोरिया, एमआर रत्नेश राजोरिया तथा अधिवक्ता राकेश राजोरिया के पिता सेवानिवृत्त प्राचार्य कैलाश नारायण राजोरिया के निवास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई एवं कुशलक्षेम जाना गया। इस अवसर पर ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ, दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। राजोरिया का शिक्षा जगत में योगदान अतुलनीय एवं प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने अपने सेवाकाल में अनेक विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे शिक्षाविद सदैव समाज के लिए पथप्रदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत होते हैं। इस आत्मीय भेंट के लिए परिवारजनों द्वारा आगंतुकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन मैथिल, भाजपा जिला मंत्री आशा शर्मा, कुंभराज मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, मंडल महामंत्री मनीष शिवहरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम मीना सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त ज्योतिषी पंडित युवराज राजोरिया जी से भी सौजन्य भेंट हुई, जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ।



## अनुभूति कार्यक्रम में विधायक प्रियंका पेची हुईं शामिल

**चाचौड़ा।** वन विभाग द्वारा आयोजित अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों की छात्राओं को प्रकृति एवं जंगल से परिचित कराने हेतु विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेची उपस्थित रहीं। इस अवसर पर शासकीय स्कूलों की छात्राएं शिक्षकों के साथ स्थानीय बगीचे में पहुंचीं, जहां वन विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें जंगल भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को क्षेत्र के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों बाघ बागेश्वर मंदिर एवं अंबाला धाम की जानकारी दी गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) सौरभ द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ जंगल में पाए जाने वाले पशु-पक्षियों, वन संपदा एवं जैव विविधता के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।कार्यक्रम स्थल पर वन विभाग की ओर से छात्राओं को चित्रयुक्त पुस्तकें, थैले एवं कैप वितरित किए गए। पुस्तकों के माध्यम से छात्राओं को ज्ञानवर्धन हेतु उपयोगी सुझाव भी दिए गए। विधायक प्रियंका पेची ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जंगलों का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है और प्रत्येक छात्रा को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। वहीं रेंजर सौरभ द्विवेदी ने बताया कि शासन की मंशा जंगलों को बचाने की है, इसी उद्देश्य से अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की छात्राएं भविष्य की वैज्ञानिक, अधिकारी एवं देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें अभी से प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। कार्यक्रम में एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय, वन विभाग के अधिकारी, टीआई चाचौड़ा, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भोला सोनी, कल्लू शर्मा, रश्मि शर्मा सहित नागरिक उपस्थित रहे।





## भाजपा संगठन व कार्यकर्ताओं के प्रति मंडल अध्यक्ष ने जताया आभार

**आरोन।** आरोन भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ रायपुर ने भाजपा संगठन परिवार एवं समस्त कार्यकर्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद एवं स्नेह से उन्हें आरोन भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके लिए वे हृदय से कृतज्ञ हैं।सुरजीत सिंह धाकड़ ने कहा कि संगठन द्वारा मिला विश्वास, प्रेम और सहयोग उनके लिए निरंतर प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं संगठन के हित में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।उन्होंने सोशल मीडिया, फोन एवं प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हुए सभी शुभचिंतकों के बधाई संदेशों, आशीर्वाद, सम्मान एवं स्नेह के लिए भी आभार व्यक्त किया।

## समर्थकों ने मेहरबान सिंह का जन्मदिन धूमधाम और सादगी के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं वर्तमान में राजगढ़ लोकसभा प्रभारी मेहरबान सिंह धाकड़ का जन्मदिन उनके समर्थकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर सोशल मीडिया सहित गुना जिले के ईष्ट मित्रों एवं समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर, साफा बांधकर शुभकामनाएं दीं।

मेहरबान सिंह धाकड़ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं विधायक जयवर्धन सिंह के करीबी माने जाते हैं। वे ग्राम पारूआ के एक प्रतिष्ठित परिवार से हैं। उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन की शिक्षा गुना से प्राप्त की तथा लंबे समय तक गुना में रहकर सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी राजनीतिक यात्रा प्रारंभ से ही प्रभावशाली रही है। वे जनपद अध्यक्ष, मंडी अध्यक्ष, जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैसे अनेक सम्मानजनक पदों पर रह चुके हैं। वर्तमान में वे कांग्रेस से राजगढ़ लोकसभा प्रभारी के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। गुना जिले की राजनीति में उनका एक सशक्त और सम्मानजनक कद है तथा वे सदैव कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित भाव से राजनीति करते आए हैं। इसी क्रम में उपरिंग पेट्रोल पंप, आरोन बायपास रोड पर राकेश उपरिंग के नेतृत्व में समर्थकों द्वारा सादगीपूर्ण ढंग से जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया, जहां उपस्थित जनों ने उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## एसडीएम मालवीय ने सीएचसी बीनागंज का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर दिखा सख्त रुख

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चाचौड़ा रवि मालवीय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, भवन रखरखाव एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का निरीक्षण किया। एसडीएम मालवीय ने बीएमओ बीनागंज को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई में पाई गई लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए एक सफाई कर्मी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अस्पताल भवन के रखरखाव एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पताल परिसर में मौजूद अतिक्रमण को तत्काल हटाने के आदेश भी दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने बताया कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्पताल का निरंतर निरीक्षण किया जाता रहेगा। इस अवसर पर बीएमओ बीनागंज सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# भगवान श्रीराम पर की अभद्र टिप्पणी से भड़का रघुवंशी समाज, ज्ञापन सौंपकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आरोन में विदिशा जिले की सिरोंज तहसील में आयोजित एक सार्वजनिक सभा में भीम आर्मी के प्रवक्ता द्वारा भगवान श्री राम एवं सीता माता पर की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में रघुवंशी समाज का आक्रोश देखने को मिला भीम आर्मी द्वारा सिरोंज में आयोजित की गई एक सभा में प्रवक्ता के द्वारा भगवान रामजी पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ समाज जनों ने एकजुट होकर स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला ट्रस्ट से पैदल मार्च निकालकर सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान ब रामजी के देश में राम जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे के साथ तहसील प्रांगण में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर संबंधित युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन एवं युवा जन उपस्थित रहे।



## एनएसएस ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया

**आरोन।** शासकीय महाविद्यालय आरोन की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया।अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के खेल मैदान की सफाई के साथ-साथ परिसर में स्थित गांधी पार्क की भी स्वच्छता की गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का संदेश दिया।कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक सुश्री महाविद्या उपाध्याय, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पूजा शर्मा, सतीश मस्तकार, प्रदीप जाटव, डॉ .अलीम मियां, डॉ. कौसर जहां, डॉ .लखन सिंह , निरंजन सिंह भिलाला, सुनील सोनी सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं एनएसएस के समस्त वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए विद्यार्थियों से नियमित रूप से स्वच्छता अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। अभियान के माध्यम से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।



# महिला महा समिति की नई कार्यकारिणी ने भक्तामर महामंडल विधान आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महिला महा समिति की अशोकनगर नई कार्यकारिणी द्वारा अतिशय क्षेत्र थूवोनजी में असीम कालीन श्री भक्तामर मंडल विधान का आयोजन किया इसमे सभी सदस्य एकत्रित होकर मंत्रोच्चार, आराधना एवं भक्तिभाव से विधान में सहभागिता की और पुण्यार्जन किया।

इसके उपरांत सभी ने मनोरंजक खेलों हाउजी, चेयर रेस आदि में उत्साहपूर्वक भाग लेकर आनंद लिया। इसके बाद आगामी वर्ष में आयोजित होने वाली धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस पावन अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी ने विधिपूर्वक अपना कार्यभार ग्रहण किया तथा सेवा-कार्यकाल का मंगलारंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत समिति द्वारा जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया, जिससे करुणा, सहयोग और सेवा के वास्तविक भाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत हुआ। इस अवसर पर महासमिति की संरक्षक इन्दू गांधी, पूर्व अध्यक्ष सुनीता चैधरी, पूर्व महामंत्री नम्रता बड़कुल वर्तमान अध्यक्ष विभा मोदी, महा मंत्री प्रियंका जैन मंत्री वर्षा सिघंई कोषाध्यक्ष नीतू मुडरा युवा प्रकोष्ठ मंत्री विनीता जैन, महिला प्रकोष्ठ मंत्री विनीत सोनी, साथी समिति के वरिष्ठ सदस्य इंदिरा पाली, सुधा जैन, सरला बंसल, नंदा सोनी, प्रतिभा जैन, मीना रसीला, सिम्मी जैन, दीप्ति जैन, रिंकी जैन, मंजू जैन, आशा जैन, अंजलि जैन आदि सदस्य उपस्थित हुए।



## पिपरई में मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज की जैन समाज ने भव्य अगवानी की

**पिपरई।** दिगम्बर जैन दर्शन के पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज की पिपरई जैन समाज ने भव्य अगवान की । इस मौके पर जगह जगह मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया गया। पूरे कस्बे को दुल्हन की तरह सजाया गया था। जैन समाज की कन्या आदर्श मंडल द्वारा पूरी सड़क पर रंगोली सजाई गई थी। युवा मंडल द्वारा दिव्य घोष की शानदार प्रस्तुति दी। कन्या आदर्श मंडल ने महाराज श्री दुर्लभ सागर जी की मंगल अगवानी करते हुए शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। जैन बंधुओं ने जैसे ही महाराज जी नगर प्रवेश कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन और जैन समाज के पदाधिकारी शामिल थे। आदर्श महिला मंडल महाराज जी की अगवानी में एक ड्रेस कोड में ओर धर्म ध्वजा ले कर चल रही थी। नगर परिषद चैराहे पर विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे ने बड़े ही धूम धाम से स्वागत किया।



## विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में सांवलहेड़ा का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

विकासखंड स्तर पर विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन मुंगावली में किया गया। यह प्रतियोगिता 'विकसित भारत/ आत्मनिर्भर भारत के लिए स्टेम थीम पर आधारित रही, जो शाला स्तर से प्रारंभ होकर जन शिक्षा केंद्र स्तर होते हुए विकासखंड स्तर तक पहुँची।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान के विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही एकल गीत, लघु नाटिका एवं सेमिनार प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। इस वर्ष भी शासकीय माध्यमिक विद्यालय साँवलहेड़ा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि विद्यार्थियों ने शिक्षिका नीतू चैहान के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में इतिहास विषय में विकास कुशवाह ने प्रथम, वेदांत गिरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजनीति विज्ञान में कान्हा यादव प्रथम एवं रितिका यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। भूगोल में सूर्यांश सेन ने प्रथम तथा विवेक गिरी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। पर्यावरण विषय में रुद्र यादव प्रथम एवं ललित यादव द्वितीय स्थान पर रहे। एकल गीत प्रतियोगिता में रितिका यादव प्रथम एवं शिवानी सेन द्वितीय स्थान पर रहीं। लघु नाटिका प्रतियोगिता में साँवलहेड़ा विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेमिनार प्रतियोगिता में सूर्यांश सेन प्रथम तथा कान्हा यादव द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं गणित विषय में शिवप्रताप यादव ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।



## महाविद्यालय में सेवा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम की शुरुआत की गई



**अशोकनगर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष में रेड क्रॉस के अंतर्गत 6 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक सेवा सप्ताह मनाया जाना है। जिसकी शुरूआत 10 जनवरी को प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश के नेतृत्व में सेवा कार्य दिवस के साथ की गई। जिसमें संयोजक की भूमिका सहायक प्राध्यापक गंधर्व सिंह राजपूत ने निभाई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धजनों को आवश्यक सामग्री (बिस्किट आदि) वितरित की गई तथा उनके साथ समय बिताकर उन्हें आत्मीय सहयोग और संवेदनशीलता का अनुभव कराया। गंधर्व सिंह राजपूत ने कहा इस सेवा कार्य का उद्देश्य वृद्धजनों के प्रति सहयोग, करुणा एवं मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित करना। इस सेवा अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक विशाल नरवरिया, डॉक्टर जेपी अहिरवार, जितेंद्र ओझा, निहाल साध, अरविंद कौशिक, अंसीन चैहान, संजय ओझा आदि के साथ लगभग 50 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

# विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने कैंप आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू महाविद्यालय में एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में जोड़ने हेतु कैंप का आयोजन दो दिन से चल रहा है।

विद्यार्थियों को उनके व्हाट्सएप ग्रुप एवं कक्षाओं में इस हेतु जागरूक किया गया। ऐसे सभी विद्यार्थियों से प्रपत्र 6 भरवा कर आवश्यक दस्तावेज लेन हेतु मार्गदर्शन दिया गया। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन भरे फॉर्म एवं दस्तावेज महाविद्यालय की समिति द्वारा प्राप्त किये जाकर ऑनलाइन अपडेट किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज दिनांक 10 जनवरी 2026 को महाविद्यालय के पूर्व छात्र, छात्र यूनियन अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जजपाल सिंह और महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष महेंद्र भारद्वाज ने विद्यार्थियों से चर्चा की और विद्यार्थियों को मतदान, लोकतंत्र, आदि के महत्व को समझाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेनू राजेश ने सभी पात्र विद्यार्थियों में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की क्योंकि वह सुबिधा उन्हें महाविद्यालय में ही दी जा रही है। महाविद्यालय की समिति के सदस्यों डॉ जे पी अहिरवार, वी विज्ञाल नरवरिया एवं उनकी टीम के सदस्यों द्वारा ये कार्य लगातार किया जा रहा है और अभी तक लगभग 75 विद्यार्थियों के जोड़ने की प्रक्रिया की गयी है।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

खाद्य सुरक्षा प्रशासन अशोकनगर के द्वारा जिले मे बडी कार्यवाही करते हुये आयुक्त, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जयपुर, राजस्थान को असुरक्षित पाये गये खाद्य पदार्थ स्वीट सुपारी यूमी के निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 34 के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु जांच प्रमाण पत्र की प्रति सहित आवेदन प्रेषित किया गया है एवं इस संबंध में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, भोपाल म.प्र. को भी मध्यप्रदेश में स्वीट सुपारी यू मी के विक्रय पर प्रतिबंध का आवेदन प्रेषित किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी, लीना नायक द्वारा आशिक किराना तकिया मोहल्ला पिपरई से स्वीट सुपारी यू मी का नमूना जांच हेतु लिया गया था। नमूना चैकसी लेबोरेटरीज, इंदौर से मानक स्तर का होना पाये जाने पर रिपोर्ट त्रुटिपूर्ण होने की आशंका पर अभिहित अधिकारी द्वारा पुनः जांच हेतु निर्दिष्ट प्रयोगशाला मैसूर भेजा गया था, जहां से स्वीट सुपारी यूमी का नमूना असुरक्षित होना पाया गया था।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी, लीना नायक के द्वारा 22.01.2025 को जगदीश किराना भंडार, शाढौरा से स्वीट सुपारी यू मी का नमूना जांच हेतु लिया गया था, पायस लेबोरेटरीज, इंदौर द्वारा उक्त नमूना मानक स्तर का पाये जाने पर फिर से अभिहित अधिकारी द्वारा पुनः जांच हेतु नमूना निर्दिष्ट खाद्य प्रयोगशाला मैसूर भेजा गया था। स्वीट सुपारी यू मी नमूना मिथ्याछाप तथा असुरक्षित होना पाया गया। स्वीट सुपारी यूमी के असुरक्षित पाये जाने से अभिहित अधिकारी द्वारा इसकी निर्माता फर्म एल आर फ्रेगरेंस, कोटा, राजस्थान के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 34 के अंतर्गत विक्रय प्रतिषेध की कार्यवाही किये जाने का अनुरोध आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन, राजस्थान तथा मप्र से किया है।

# हत्या और लूट की घटना के पांच दोषियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड भी लगाया

**अशोकनगर।** अतिरिक्त अपर सत्र न्यायालय जिला अशोकनगर द्वारा दिनांक 10.01.2026 को निर्णय पारित करते हुये धारा 302, 392 भादवि के अंतर्गत आरोपीगण 1.राजकुमार पुत्र वीरेन्द्र केवट निवासी कमलापुर हाल मगराना जिला गुना को को आजीवान कारावास एवं कुल 3500/-रूपये के अर्थदण्ड 2.जितेन्द्र पुत्र फुलसिंह केटव निवासी पिपरोद थाना ईसागढ जिला अशोकनगर को आजीवान कारावास एवं कुल 3000/-रूपये के अर्थदण्ड तथा धारा 411 भादवि के अंतर्गत आरोपीगण 3. खेमचन्द्र उर्फ चंदन निवासी कुसीपुर थाना फतेहगढ जिला गुना, 4. वीरेन्द्र पुत्र गणेशराम केवट निवासी कमलापुर हाल मगराना जिला गुना एवं 5. मोहरसिंह पुत्र भोलाराम केवट निवासी बामोर थाना बदरवास जिला शिवपरी को 03-03 वर्ष के कठोर कारावास एवं 500/-500/-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी/सहायक निदेशक अभियोजन जिला अशोकनगर संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रभावी अभियोजन संचालन एडीपीओ/विशेष लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार गोंडिया द्वारा किया गया। एडीपीओ/मीडिया सेल प्रभारी यशपाल सिंह यादव ने बताया कि 10 जनवरी 2021 को फरियादी प्रमोद द्वारा अपने पिता भज्जू पाल के बकरी चराने के लिये गये पिपरौद के जंगल में गुम हो जाने की सूचना थाना ईसागढ पर दी गई थी तथा यह बताया था कि 9 जनवरी 2021 को मैं तथा मेरे परिवार के जण्डेल पाल, खलक सिंह, रामचरन पाल तथा अन्य लोग पिताजी को तलाशने जंगल में गये थे तब भैंसासुर देवस्थल के पास मेरे पिताजी मृत अवस्था में मिले तथा उनके गर्दन, सिर व पैरों में गहरे घाव होकर खून निकल रहा था तथा उसकी 25 बकरा-बकरियां भी मौके पर नहीं थे। उक्त सूचना के आधार पर थाना ईसागढ पर अपराध क्रमांक 19/2021 धारा 302 भा.द.वि. दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान संदेही आरोपी जितेन्द्र केवट, राजकुमार केवट, चंदन उर्फ खेमचन्द्र आदिवासी, वीरेन्द्र केवट एवं मोहर सिंह केवट से पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने बकरी लूटने के आशय से भज्जू पाल की हत्या करना बताया।

**जाहिर सूचना**

मेरी पक्षकार श्रीमती लीना सोढ़ानी पत्नी श्री पुनीत सोढ़ानी पुत्री श्री प्रेम कुमार सारडा निवासी इंदौर हाल निवासी चांचौड़ा जिला गुना मध्यप्रदेश की है। मेरे पक्षकार का बैंक सेविंग खाता क्रमांक 656901046681 आई.सी.आई.सी.आई बैंक शाखा एम जी रोड इंदौर में है। मेरी पक्षकार ने अपना खाता विवाह के पूर्व प्रारंभ किया था, वर्तमान में मेरा पक्षकार इंदौर की जगह चांचौड़ा में निवास करता है। मेरे पक्षकार के खाते में विवाह के बाद का सरनेम, पता परिवर्तित होने एवं लेनदेन के लिए संचालित होता रहेगा। यदि किसी व्यक्ति, परिजन या आम व्यक्ति को मय प्रमाण कोई आपत्ति हे तो वह मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। यह प्रकाशन केवल बैंक खाते के लिए हे सूचित हो इति दिनांक 07/01/26 किया गया।

**राजीव श्रीवास्तव अधिवक्ता नोटरी चांचौड़ा जिला गुना मध्यप्रदेश मो. 9425134268**

## खबर संक्षेप

### 42 वर्षीय युवक मृत अवस्था में मिला

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत दौली पुत्र गिरवर आदिवासी उम्र 42 साल निवासी ग्राम पांडरी शासकीय स्कूल के पीछे ग्राम भीलरी अर्रोन में पालती मारे जमीन पर हाथ टिकाकर बैठे हुए मृत अवस्था में मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### झूठे केस में फंसाने का दबाव बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत गुना कि वीआईपी कॉलोनी निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि श्यामा प्रजापति निवासी ग्राम खैराभान थाना देहात द्वारा फरियादियां के पति व परिवार वालों को झूठे केस में फसांने के नाम पर रूपयों की मांग कर ब्लैकमेल किया व मानिसक एवं शाररिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### गुमठी से पेटी चुराई मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली थाने के अंतर्गत अमन पटेल निवासी बरखेडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संजू पटेल ने गुना अशोकनगर रोड पर उसकी गुमठी से पेटी चोरी कर ली। जिसमें 1500 रूपए रखे हुए थे पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात व्यक्ति को अस्पताल लाया, उपचार के दौरान मौत

**अशोकनगर।** डायल 112 वाहन द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति को स्थानीय विधुत मंडल कार्यालय के पीछे से गंभीर अवस्था में पीड़ति होने पर जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था। जहां उपचार के दौरान पीडित की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन

**पिपरई।** सेवा निवृति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेवा निवृत शिक्षक वृंदावन लाल यादव ने अपने सेवा कार्यकाल पर चर्चा की। इस आयोजन में शिक्षा विभाग के अधिकारी, आस पास के विधालय शिक्षक गण परिवार के सदस्य, रिश्तेदार राजनैतिक गण,गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विदाई समारोह में सभी भावपूर्ण विदाई दी सबकी आँखों में आंसू थे सभी ने शिक्षक वृंदावन लाल के जीवन की अनुभव एंव मार्गदर्शन जो प्राप्त हुआ उसका सभी ने वर्णन किया।

---

विकसित भारत जी-राम-जी योजना में जवाबदेहिता और पारदर्शिता पर है पूरा जोर

# वीबी जी राम जी योजना से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई ऊंचाईयां : प्रभारी मंत्री शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने शनिवार को हैंडलूम पार्क चंदेरी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वीबी जी राम जी योजना की जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री शुक्ला ने प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। शहर हाथ को काम मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी। वीबी जी-राम-जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है। यह गरीबों, खेतीहर मजदूरों, किसानों सभी के लिए बेहद लाभकारी है। इस योजना से गांवों के विकास को भी मजबूती मिलेगी। पहले किसानों को कृषि से जुड़े कामों के लिए श्रमिक ही नहीं मिलते थे, पर वीबी जी-राम-जी योजना में कृषि के व्यस्ततम समय, विशेषकर बुवाई और कटाई के समय पर्याप्त मात्रा में कृषि श्रमिकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।






इस अधिनियम में राज्यों को एक वित्त वर्ष में कुल 60 दिन की अवधि अधिसूचित करने का प्रावधान किया गया है, बीज बुवाई एवं फसल कटाई की व्यस्ततम समयावधि को भी रोजगार उपलब्ध कराने की अवधि में शामिल किया जा सकेगा। प्रावधान के अनुसार इस अवधि में अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित अन्य कार्य नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार तय मानकों के आधार पर देश के हर राज्य को एक निश्चित राशि भी देगी। अधिनियम में ग्रामीण आजीविका निर्माण के स्थाई स्त्रोत विकसित करने पर जोर दिया गया है। इससे ग्रामीणों के देशज ज्ञान, कौशल, उद्यमिता और उनमें निहित कला प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

अधिनियम में पंचायती राज संस्थाओं- ग्रामसभा, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत तथा राज्य रोजगार गारंटी परिषद को भी स्पष्ट जिम्मेदारियां दी गई हैं।अधिनियम में विकसित भारत जी-राम-जी स्कीम में शुरु किए गए निर्माण कार्यों की जियो-टैगिंग, डिजीटल रिकॉडिंग एवं सूचना प्रबंधन प्रणाली तथा नियोजित किए गए सभी मजदूरों को तेजी से समुचित भुगतान देने के लिए डिजीटल तथा बायोमैट्रिक भुगतान प्रणाली और ग्रामसभा द्वारा सोशल ऑडिट द्वारा योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिनियम में पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न स्तरों पर एक समयबद्ध एवं शिकायत निवारण तंत्र तथा कुछ दंडात्मक प्रावधान भी किए गए हैं। इसके लिए शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता और इसकी मॉनिटरिंग के लिए शिकायत प्रबंधन सूचना प्रणाली की डिजीटल व्यवस्था स्थापित की जाएगी। इस योजना में ग्रामीण परिवार को 100 के स्थान पर 125 दिन के अकुशल श्रम दिवस के रोपगार की गारंटी होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में चंदेरी विधायक श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर, एसडीएम चंदेरी मनीष धनगर सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित रहे।

---

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत विराटपुरम कॉलोनी अशोकनगर निवासी हेमन्त रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लल्लू राय ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड निवासी संजीव अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजकुमार अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी सुखवती आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिलजीत सरदार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पौरूखेडी निवासी भोटू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नरेन्द्र और सविता अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अस्पतखेडी निवासी मंगल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गुडडा अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद मोहल्ला सेहराई निवासी पिंकी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कमलेश बाई, अनूप यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---




## पिपरई के आकेत में संगीतमय कथा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

नगर के ग्राम अकेत सगींत मय कथा का आयोजन चल रहा है। श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास मनोज शास्त्री ने शिव विवाह का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है।

भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए है, परंतु शिव ने विवाह कर संसार को गृहस्थ आश्रम में रहकर भी वैराग्य व योग धर्म का अनुशरण करने का तरीका दिया। भगवान के विवाह के वर्णन में मैना देवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप मे मां पार्वती का जन्म लेना। प्रारंभिक काल मे शिव की तपस्या करना, उसी दौरान तारका सुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव की तन्द्रा भंग हुई। तब जाकर शिव पार्वती का विवाह हुआ। इसी दौरान भजनों में ऐ री सखी मंगल गाओ री, खुशियां मनाओ री। शुभ दिन आयो आज सखी री, मंगल आशा मन को सोहे। कथा मे समस्त नगर बासी शामिल हुये।

---

किसान ने बगैर अनुमति के मिट्टी पत्थर उठाने के लगाए आरोप

## विवादों में घिरी प्रधानमंत्री जन मन सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बहादुरपुर क्षेत्र के खोपरा बर्री मार्ग से सोपरा चक्क गांव तक इन दिनों प्रधानमंत्री जन मन योजना से सड़क बनाई जा रही है। इस सड़क का निर्माण विवाद में घिर गया है, एक किसान ने बीते दिनों पुलिस थाना बहादुरपुर में आवेदन देकर आरोप लगाए हैं कि सड़क निर्माण ठेकेदार ने उसके स्वामित्व की जमीन में से बगैर अनुमति के सात सौ डंपर मिट्टी और पत्थर उठा लिए। हालांकि अब तक इस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

बताया गया है कि प्रमोद शर्मा नामक किसान की ग्राम सोपरा में सर्वे नंबर 7/9/2/2 निजी स्वामित्व की भूमि है। किसान के बेटे विनायक शर्मा ने बीते 24 दिसंबर को स्थानीय पुलिस थाने में आवेदन दिया है कि सोपरा चक्क तक सड़क बना रहे पेटी ठेकेदार पिंटू रघुवंशी और वीरेंद्र रघुवंशी ने उसके खेत में से मिट्टी और पत्थर खोदकर सड़क का अर्थवर्क कर दिया है, साथ ही अन्य ग्रामीणों को भी दो हजार रुपए प्रति डंपर की दर से यह सामग्री बेच दी। किसान अशोकनगर में निवास करता है इसलिए उसे इस खनन का पता देर से चला। वहीं इस संबंध में पेटी ठेकेदार पिंटू रघुवंशी का कहना था कि जहां से खनन किया गया है, वह शासकीय भूमि है। जिसकी लीज भी उनके द्वारा बनवाई गई थी। कुछ सामग्री जरूर किसान के खेत से उठाई गई है, जिसके एवज में किसान के खेत में मशीन चलाकर समतली करण भी कर दिया गया था।

**इनका कहना है**

हमारे संज्ञान में यह विवाद आया है। हमने किसान से भूमि के स्वामित्व सम्बन्धी दस्तावेज़ मांगे है। हमारा काम क्वालिटी जांचने का होता है, ठेकेदार जहां से सामग्री लाता है, उसके लिए बकायदा अनुमति लेता है। हम जांच कर रहे हैं।

**केतन शाक्य,** महा प्रबंधक, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना

---



## अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान नालों ने कचरा और मिट्टी उगली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में पांचवे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी रही इस दौरान नालों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाए जाने के दौरान पाया गया कि नालों को कई जगह मिटटी से भर दिया गया है और कईं जगह नालों की सफाई न होने से इतना कचरा भरा है कि उसकी मात्रा भी तय कर पाना कठिन है।

इस अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों ने या तो नालों पर दुकाने या मकान बना लिए हैं जिसके कारण शहर के नाले बंद हो गए है और सड़के सकरी हो गई हैं। इस कार्यवाही के दौरान कईं जगह अतिक्रमण हटाने के दौरान आरोप भी लगे कि कार्यवाही में पक्षपात किया जा रहा है। इस दौरान नगरपालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान, तहसीलदार भारतेन्दु यादव और देहात थाने का अमला शामिल था। यह कार्यवाही कोलुआ रोड पर की गई। एक दिन पहले भी इसी रोड पर कार्यवाही की गई थी लेकिन मार्ग लंबा होने के कारण आधी कार्यवाही हो पाई थी और आधी कार्यवाही को अगले दिन के लिए रोक दिया गया था जिसे शनिवार को पूरा किया गया। इस बात की गांरटी भी तय होना चाहिए कि अब इन नालों पर अतिक्रमण नहीं होगा अगर अतिक्रमण होता है तो उसका आर्थिक शुल्क भी तय होना चाहिए।

---

## तीन वर्षों से कटा वेतन दिलाने ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पिछले 3 वर्षों में कटा वेतन दिलवाने के लिए संकुल प्राचार्य के नाम शासकीय उत्कृष्ट उ.मा विद्यालय के समस्त नवनियुक्त शिक्षकों ने उच्च न्यायलय जबलपुर के, दिनांक 06/01/2026 के आदेश के पालन में, ज्ञापन सौंपा है।

जिसमें कहा गया है कि 12/12/2019 से लागू नये नियम कानून के कारण, लोकसेवकों को बहुत अधिक आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत के बाद 100 प्रतिशत वेतन भुगतान का नियम लागू है जो कि समान कार्य एवं समान वेतन में असमानता है। उच्च न्यायालय ने लोक सेवकों कि पीड़ा को महसूस कर एवं, पूर्व के आदेशों के क्रम में स्वागत योग्य निर्णय दिया है, इसके उपलक्ष्य में, 100 प्रतिशत वेतन और पिछले 3 वर्षों में कटा वेतन दिलवाने के लिए ज्ञापन दिया गया, इस अवसर पर समस्त नवनियुक्त शिक्षक साथी उपस्थित रहे।



---

## आरोपी के घर अतिक्रमण पर बुलडोजर की होगी कार्रवाई

**पिपरई।** कस्बे के वृद्ध कल्लू पुत्र नत्थू अहिरवार की तीन नाम दर्ज कुछ अज्ञात लोगों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थी। उसी कार्यवाही में हत्या के आरोपी अभी जेल में बंद है। नगर परिषद ने प्रेम नारायण पुत्र परसादीकोरी के घर पर अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस चस्पा किया हे।ओर तीन दिन का समय दिया है जिसमें कहा गया है कि बुलडोजर चला कर अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

इस नोटिस चस्पा से लोगों में चर्चा का विषय बन गया ओर जो दुकानदार हैं वह दुकानें खाली भी करते देखे गए और अपनी अपनी दुकान का समान उठाते भी देखे गए। जैसा कि चिकमगलूर चैराहे के पास वृद्ध कल्लू पुत्र नत्थू अहिरवार के तीन नाम दर्ज और कुछ अज्ञात लोगों ने निर्मम हत्या कर दी गई थी। समाज जनों द्वारा चैराहे पर डेथ वाड़ी रख कर चक्का जाम किया था। तब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को आधार बना कर तीन नाम दर्ज एफआईआर की थी जिसमें कुछ अज्ञात भी थे। इसी सम्बन्ध में मृतक कल्लू के परिवार जन ओर समाज के लोगों द्वारा जिला कलेक्टर को मंगल बार को जन सुनवाई में आवेदन दिया और कलेक्टर आदित्य सिंह से मुलाकात की। परिवार बालों ने कलेक्टर ने गंभीरता से सुना और आवेदन पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



---

## बैठक में कलेक्टर ने कहा- कोई भी राजस्व प्रकरण बिना किसी कारण के न रोका जाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ त्वरित गति से करें। जिससे आमजन को राजस्व सेवाओं का समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बिना किसी अभाव के कोई भी राजस्व प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। यह बात कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में निर्देशित किया कि राज्य सेवाओं के अंतर्गत नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का समय सीमा में निराकृत करें।

बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमांकन, नामांतरण, बटवारा, भू-अभिलेख दुरूस्तीकरण, भू-अर्जन, राजस्व वसूली, प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की मंशानुरूप राजस्व सेवाएं आमजन को आसानी से मिले। उन्होंने तहसीलों में न्यायालयीन प्रकरण लंबित न रहे,यह सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रकरणों का रोस्टर बनाकर सुनवाई की जाए। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन एवं सत्यापन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में आरसीएमएस प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर निर्देशित किया कि इन प्रकरणों में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। सीएम डेशबोर्ड,पीठासीन अधिकारी पर लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशालाओं की भूमि पर अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि अनुभाग अंतर्गत पेयजल शुद्धता की निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर्स के बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण गंभीरता के साथ करें। अनावश्यक रूप से कोई भी शिकायत लंबित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समाधान ऑनलाईन से संबंधित शिकायतों का निराकरण समय सीमा में किया जाए।

---



## साध्वी संघ का आगमन, श्वेताबंर जैन समाज ने शोभायात्रा के साथ की अगवानी

**अशोकनगर।** शहर के श्री वासुपूज्य स्वामी श्वेतांबर जैन मंदिर के 14वें ध्वजा महोत्सव के निमित्त शनिवार को युवा संस्कार भारती, माँ सरस्वती आराधिका प.पू. साध्वी लयस्मिता जी महाराज साहब सहित साध्वी संघ का नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। साध्वी संघ के आगमन से पूरा माहौल धर्ममय हो गया। शनिवार सुबह साध्वी संघ का विहार दयोदय गौशाला के सामने स्थित सुनील अग्रवाल के फार्म हाउस से प्रारंभ हुआ। यहाँ से विहार करते हुए साध्वी वृंद सुबह 11 से 12 बजे के मध्य ईसागढ़ रोड स्थित ओम कॉलोनी में प्रदीप कुमार सुराना के निवास पर पहुंचीं, जहाँ सुबह की गोचरी संपन्न हुई।

### ओम कॉलोनी से हुआ नगर प्रवेश

मंगल प्रवेश का कार्यक्रम शनिवार दोपहर 2 बजे ईसागढ़ रोड स्थित ओम कॉलोनी से प्रारंभ हुआ। यहाँ प्रदीप कुमार सुराना के निवास से साध्वी संघ ने गाजे-बाजे के साथ नगर में प्रवेश किया। सकल श्रीसंघ के श्रावक-श्राविकाओं ने साध्वी वृंद की भावभीनी अगवानी की। 16 को मनेगा 14वां ध्वजा महोत्सव-साध्वी श्री का यह आगमन श्री वासुपूज्य स्वामी जैन मंदिर की 14वीं वर्षगांठ (ध्वजा महोत्सव) के निमित्त हुआ है, जो 16 जनवरी को मनाया जाएगा। मंगल प्रवेश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर जी पहुंची, जहां धर्मसभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्री श्वेतांबर जैन श्रीसंघ और श्री वासुपूज्य श्वेतांबर जैन मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

---

## एसयूसीआई ने इंदौर के भागीरथ पुरा में हुई घटना को लेकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ़ इंडिया (कम्युनिस्ट) की अशोकनगर ईकाई द्वारा इंदौर नगर निगम के भागीरथपुरा क्षेत्र मे दूषित पानी से हुई मौतों के खिलाफ स्थानीय अम्बेडकर पार्क पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

प्रदर्शन में गहरा शोक व्यक्त करते हुये जिला सचिव सचिन जैन ने कहा कि उक्त घटना पूरी तरह पेयजल वितरण को लेकर राज्य सरकार की निजीकरण की नीति, भ्रष्टाचार और स्थानीय नगर निगम की अपराधिक लापरवाही का नतीजा है। तथाकथित सर्वोत्तम स्वच्छ शहर में दूषित पानी से नागरिकों की मौत होना कोई हादसा नहीं, बल्कि नगर निगम और राज्य सरकार की घोर लापरवाही से उपजा प्रशासनिक अपराध है। जिसके कारण 20 लोगों की मौत हो गयी जिसमें 6 माह का एक शिशु भी शामिल है। पिछले चार महीनों से लोग गंदा पानी पीने को मजबूर थे, शिकायतों के बावजूद लाइन बदलने और मरम्मत के टेंडर दबाकर रखे गये। जबकि इंदौर नगर निगम पेयजल वितरण पर सालाना 2200 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा करती है और प्रत्येक परिवार से 300 प्रति माह वसूलती है इसके बावजूद भी सरकार आम आदमी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हुई है इसमें भ्रष्टाचार और निजी मुनाफा कमाने की भूख स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उक्त घटना को संवेदनशीलता से लेने की बजाय अशोभनीय बयान दिया जाना निंदनीय है।

### प्रमुख मांगे

1.भागीरथपुरा में दूषित पानी से पीड़ति परिवारों की समुचित व स्थायी देखभाल और राहत प्रदान की जाये साथ ही उपचाररत व मृतक परिवारों को समुचित मुआवजा दिया जाए।

2.उक्त घटना की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। जिम्मेदार अधिकारियों, ठेकेदारों और टेंडर रोकने वालों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज किए जाएं।

3.इंदौर सहित पूरे प्रदेश में जल वितरण व्यवस्था सरकार अपने हाथ में ले

4.अशोकनगर के सभी वार्डों में पानी की स्वच्छता की जांच की जाए।

## नरसिंहगढ़ में साध्वी सरस्वती का होगा उद्बोधन, ब्यावरा में साधू संत रहेंगे उपस्थित

# धार्मिक चेतना व सांस्कृतिक एकता का संदेश देने हिंदू सम्मेलन आज






हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ब्यावरा में 11 जनवरी को सकल हिंदू समाज द्वारा आठ बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। ये सम्मेलन रविवार को सुबह 11 बजे से शुरू होंगे, जिनमें हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। ये सम्मेलन विश्वनाथ बस्ती, महाराणा प्रताप बस्ती, वृंदावन बस्ती, बालाजी बस्ती, सुभाष बस्ती, बिहार की बस्ती, अंजनीलाल बस्ती और वाल्मीकि बस्ती में एक साथ आयोजित होंगे। प्रत्येक बस्ती में 5 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी की संभावना है।

सम्मेलनों में देश-प्रदेश से आए साधु-संत और प्रमुख वक्ता अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। वे समाज परिवर्तन, सामाजिक समरसता, भारतीय संस्कृति, राष्ट्र निर्माण और सनातन मूल्यों जैसे विषयों पर संबोधित करेंगे। सभी आयोजन स्थलों पर यज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के लोग सामूहिक रूप से आहुतियां देंगे। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम के दौरान पांच परिवर्तन विषयक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसका उद्देश्य सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है। इन आयोजनों के तहत प्रत्येक बस्ती में कलश यात्रा निकाली जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही, हजारों लोगों के लिए समरसता सहभोज की व्यवस्था भी की गई है। सम्मेलनों की तैयारियों के लिए पिछले एक माह से विभिन्न संचालन समितियां सक्रिय हैं। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया है और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। नगर की सड़कों, चैराहों और बस्तियों को सजाया गया है। इस अवसर पर ब्यावरा नगर के व्यापारी संगठनों ने बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। व्यापारियों से अपील की गई है कि वे अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर परिवार सहित इन सम्मेलनों में भाग लें। आयोजन समितियों ने नगरवासियों से अधिक संख्या में सम्मेलनों में शामिल होने का आग्रह किया है। 11 जनवरी को पूरे ब्यावर नगर में संघ शताब्दी वर्ष और सामाजिक एकता का संदेश दिखाई देगा।

### नरसिंहगढ़ नगर में निकलेगी कलश यात्रा

नगर में आज भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें साध्वी सरस्वती का प्रेरक उद्बोधन होगा। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सुबह नगर के प्रमुख मार्गों से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश यात्रा के माध्यम से पूरे नगर में धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया जाएगा। आयोजन को लेकर नगरभर में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों द्वारा प्रत्येक वार्ड में पीले चावल वितरित कर नागरिकों को सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भोजन एवं पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों के अनुसार हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करना है। साध्वी सरस्वती जी अपने संबोधन में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभाव जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देंगी। नगर में हिन्दू समाज में अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है।

# जनता के लिए नगर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ व शुद्ध उपलब्ध होः विधायक दांगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ एवं आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो ऐसे में विधायक हजारीलाल दांगी , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , सीएमओ हरीओम शर्मा सहित नगर के पत्रकारों ने पेयजल टंकी , फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। गोरतलब है कि विगत दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में नगर कि पेयजल व्यवस्था एवं अन्य समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था।

जिस पर विधायक हजारीलाल दांगी ने नगर के पेयजल स्त्रोत आवास कालोनी पानी की टंकी , छापी बांध स्थित फिल्टर प्लांट, आवास मुक्ति धाम इत्यादि का नगर परिषद अमला पत्रकारों आम नागरिकों को लेकर निरीक्षण किया वहां कि समस्त गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण कर पेयजल को स्वयं ने जल ग्रहण कर शुद्धता की जांच की तथा उपलब्ध पेयजल व्यवस्था सही होना पाया। जहां पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि नगर में पेयजल पुरी तरह शुद्ध सप्लाई जारी है जिसे सभी ने पीकर देखा है। नगर वासियों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद छापी डेम स्थित वाटर फिल्टर प्लांट एवं आवास कॉलोनी दशहरा मैदान के सामने बस स्टैंड के वाटर सप्लाई केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पेयजल शुद्धिकरण प्रक्रिया, स्वच्छता व्यवस्था एवं तकनीकी संचालन की समीक्षा करते हुए नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने संबंधी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कांग्रेस सत्ताहीन होने के बाद लोगों को कर रही है भ्रमित

कांग्रेस जिला अध्यक्ष पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह ने तहसीलदार को दिए ज्ञापन पर विधायक हजारीलाल दांगी ने पलटवार करते हुए बताया कि कांग्रेस के लोग सताहीन होने के बाद लोगों को भ्रमित कर रहे हैं , उनका आरोप निराधार है, वाटर फिल्टर प्लांट के बाहर 6 माह पहले मरे जानवर का फोटो लाकर नगर की जनता को गुमराह किया जा रहा है, नगर में साफ स्वच्छ पानी सप्लाई की जा रही है कांग्रेस पार्टी के लोग केवल गुमराह करने में आगे हैं।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष के फैक्ट्री से राजनीति वाले आरोप पर विधायक हजारीलाल दांगी ने जवाब देते हुए बताया कि में केवल जनता के बीच का विधायक हूं दिन-रात जनता की सेवा में लगा रहता हूं, कभी भी किसी अधिकारी को फोन लगाकर फैक्ट्री में बुलाकर सता का रोब नहीं दिखाया है, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विधायक और मंत्री रह चुके हैं मेरे हिसाब से तो उनके महल में राजनीति चलती होगी इसीलिए फैक्ट्री में राजनीति वाला आरोप उन्होंने लगाया है।

# नवांकुर संस्था ओम शांति महिला मंडल ने किया बैठक का आयोजन

### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इलाहीपुरा की आंगनबाड़ी केंद में हुई संपन्न




**ब्यावरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर योजना में चयनित संस्था ओम शांति महिला मंडल नरसिंहगढ़ के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इलाहीपुरा में प्रथम बैठक का आयोजन गांव के आंगनबाड़ी केंद्र मे किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था अध्यक्ष हेमलता गोयल एवं सचिव विनोद वर्मा के साथ समिति के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक मे हेमलता जी ने जन अभियान परिषद की योजनाओ की जानकारी दी एवम ग्राम विकास समिति के सदस्यों के साथ गाँव मे स्वक्ष पर्यावरण साफ सफाई शिक्षा एवं नल जल योजना के बारे मे चर्चा की बैठक मे नवांकु संस्था की अध्यक्ष हेमलता गोयल विनोद वर्मा एवं विकास समिति के अध्यक्ष मिथुन कुशवाह रोशन कुशवाह दीपक भूपेश कुशवाह ललिता कुशवाह अंजू कुशवाह रेखा एवं समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए।

## महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, भोपाल ले जाते समय मौत

**लखनवास।** लोधीपुरा गांव शुक्रवार शाम को सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला की जान चली गई। घटना उस समय हुई जब महिला सड़क पार कर रही थी तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोधीपुरा निवासी 55 वर्षीय महिला रामसुरी बाई शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे के लगभग पड़ोसी के घर से अपने घर लौट रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारदी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल महिला को संभाला। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के लिए अपने निजी वाहन से भोपाल ले जाते समय रास्ते में ही महिला की स्थिति और बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। नरसिंहगढ़ सिविल हॉस्पिटल में सुबह पोस्टमार्टम कर परिजनों को सव सोप दिया ग्रामीण जनों की मौजूदगी मैं लोधीपुरा गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक की पत्नी सहित समाज के युवा पहुंचे कोतवाली

# युवक की संदिग्ध मृत्यु मामले में निष्पक्ष जांच करने की रखी मांग



**राजगढ़।** विगत 28 दिसंबर की रात्रि नगर की हेडगेवार कॉलोनी निवासी युवक कल्याण सेन की बाईक समेत नेवज के छोटे पुल से गिरकर संदिग्ध रूप से मृत्यु का मामला सामने आया था। इस मामले में मृतक युवक कल्याण की पत्नी सहित समाजजनों व कॉलोनीवासियों ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

मृतक की पत्नी पूजा सेन ने बताया कि 28 दिसंबर की रात्रि उन्हें सूचना मिली थी कि उनके पति बाईक समेत नेवज के छोटे पुल से गिर गए हैं। सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंची जहां उनके पति बाईक समेत पुल के नीचे गिरे हुए थे। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित किया गया। फरियादिया पूजा सेन के मुताबिक उनके पति की चप्पलें घटनास्थल पर नहीं बल्कि डाक बंगले पर पाई गई थी जिससे पूरा मामला संदेहास्पद है। इसके साथ ही नेवज के छोटे पुल पर भी ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे इससे महज एक सामान्य दुर्घटना कहा जा सके। ऐसे में उनकी मांग है कि उनके पति की संदेहास्पद परिस्थिति में हुई मृत्यु की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। साथ ही उस रात्रि मृतक कल्याण के साथ रहे संबंधितों से पूछताछ की जाकर विधिवत जांच एवं कार्यवाही की जाए।

## मेघवाल जांगड़ा समाज का जन आंदोलन, रैली और ज्ञापन आज

### मंगल भवन में आयोजित होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

समस्त मेघवाल जांगड़ा समाज के तत्वावधान में आज रविवार को राजगढ़ मुख्यालय पर विशाल जन आंदोलन, रैली एवं ज्ञापन का आयोजन रखा गया है। अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति पर हो रहे अन्याय, अत्याचार के विरोध में जिले भर से समाजजन इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचने वाले हैं।

स्थानीय मंगल भवन में दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में समाज के कई वरिष्ठजन उपस्थित रहेंगे। मेघवाल जांगड़ा समाज पदाधिकारियों ने बताया कि इस दौरान धरना प्रदर्शन कर एक रैली निकालते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।यह कार्यक्रम पूरी तरह गैर-राजनैतिक, शांतिपूर्ण एवं अनुशासनात्मक रहेगा। समाज संगठन पदाधिकारियों ने सभी अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सर्व समाजजनों को इस कार्यक्रम में पहुंचने आमंत्रित किया है।

## चाटूखेड़ा में 17 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन



**खुजनेर।** ग्राम चाटूखेड़ा में 17 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोरों पर है बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा हिन्दू सम्मेलन में सम्मिलित होने हेतु प्रत्येक गांव गांव में हिन्दू सम्मेलन के निमित्त पीले अक्षत पत्रक वितरण किए जा रहे हिन्दू सम्मेलन को साध्वी रंजना अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा, राम कथा की सरस वक्ता एवं सामाजिक, महिला सशक्तिकरण कार्यकर्ता संबोधित करेगी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारिया को अंतिम रूप दिया जा रहा पूरे गांव को भगवा पताका अन्य साज सज्जा की जा रही है।

## आरसेटी ने 23 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

# गांवों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**राजगढ़।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं उनसे जुड़े गांवों में बैंकिंग सेवाओं की सुलभ पहुंच बनाने हेतु आजीविका मिशन, आरसेटी, शासन-प्रशासन कई प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में वन जीपी, वन बीसी योजना के तहत स्थानीय संकट मोचन बड़ली क्षेत्र स्थित ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान(आरसेटी) में जिले की 23 महिलाओं को बैंकिंग कार्यप्रणाली के गुर सिखाने विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान इन महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय लेनदेन, बीमा योजनाओं, ग्राहक सेवा कौशल इत्यादि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। मास्टर टेनर महेष व्यास से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त अब ये महिलाएं अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में बैंक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगी। इससे न केवल ग्रामीणों को बैंक जाने की असुविधा से राहत मिलेगी बल्कि ये महिलाएं स्वयं भी आत्मनिर्भर होकर आर्थिक रूप से सशक्त बन पाएंगी। समापन अवसर पर आरसेटी निदेशक अनिमेष मालवीय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य बालमुकुंद जाटव, देवराज सिंह, मधुसूदन नामदेव सहित अन्य उपस्थित थे।

# ग्राहक को फेस्टिव लक्की ड्रॉ में मिली पल्सर 125

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा




बजाज ऑटो कंपनी की राजगढ़ जिला स्तरीय डीलरशिप यादव बजाज शोरूम पर नवरात्रि व दिवाली के पावन अवसर पर यादव बजाज द्वारा जिला स्तरीय लक्की ड्रा यानि एक गाड़ी पर एक गाड़ी फ्री का ऑफर ग्राहकों को दिया गया, उक्त लक्की ड्रा कूपन का आयोजन आज किया गया, 1000 ग्राहकों को कूपन दिया गया था , उक्त सभी कूपन के बॉक्स में से एक कूपन उठाना था उन सभी कूपन के बॉक्स में से एक कूपन को 5 वर्ष की बच्ची से उठवाया गया सभी ग्राहकों के सामने जिसमें से सब डीलर जेनम बजाज छापीहेड़ा के ग्राहक प्रेम सिंह कुशवाह निवासी देवलीसांग वाले के नाम से मेगा लक्की ड्रा में पल्सर 125 सीसी की बजाज गाड़ी खुली, बाकी ग्राहकों को गिफ्ट वितरित किए गए। इस आयोजन में यादव बजाज शोरूम के सब डीलर के ग्राहक भी शामिल हुए थे , साथ ही मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस के पर्व पर पल्सर 125 सीसी ओर फ्रीडम सीएनजी 125 सीसी पर पांच पांच हजार की छूट दी जा रही है। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ यादव बजाज शोरूम के ऑनर राहुल यादव और संदीप यादव द्वारा मां लक्ष्मी जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया इस दौरान बजाज शोरूम के मैनेजर देवराज सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## विधायक और नपा अध्यक्ष के निर्देशन में हो रहा काम

# 2 करोड़ 7 लाख के विकास कार्य से संवर रहा कुरावर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

मध्य प्रदेश भाजपा सरकार और मंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नगर परिषद द्वारा बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक मोहन शर्मा के सतत प्रयासों और नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई चंद्रवंशी के निर्देशन में लगभग 10 वार्डों में 2 करोड़ 7 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं।

इन कार्यों में सड़क, नाली, पेवर ब्लॉक, पुलिया और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से नगर परिषद भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 24 लाख रुपए की लागत से निर्मित सार्वजनिक पार्क का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे नगरवासियों को मनोरंजन और हरित वातावरण की सुविधा मिलेगी। वार्ड क्रमांक 12 व 13 में 260 मीटर लंबाई की सीसी रोड का निर्माण 9.50 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है।

वार्ड क्रमांक 3 में माता जी के मंदिर परिसर में डेढ़ लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक का कार्य कराया गया है। वार्ड क्रमांक 1 में पुलिया में पाइप एवं पेवर ब्लॉक का निर्माण एक लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। इन विकास कार्यों से आमजन को मूलभूत सुविधाएं मिलने के साथ ही नगर के सर्वांगीण विकास को नई गति मिल रही है।

## स्टॉल, पंजीयन एवं दिव्यांगजनों को लेकर अधिकारियों को निर्देश

# रोजगार मेला तैयारियों का मंत्री ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर






नगर के मंडी परिसर में 12 जनवरी को आयोजित होने वाले युवा संगम रोजगार मेला को लेकर शनिवार को राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, सुविधाओं, सुरक्षा, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पंजीयन काउंटर, कंपनियों के स्टॉल तथा दिव्यांगजनों व युवाओं की सुविधा से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,एसडीएम रोहित बम्होरे, निर्मल जैन, निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,विष्णु पाटीदार सहित कई पार्षदगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह रोजगार मेला क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार का बड़ा अवसर है। आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएंगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस रोजगार मेले का लाभ उठाएं। युवा शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में यह आयोजन एक मजबूत और प्रभावी कदम साबित होगा।

### युवा संगम रोजगार मेला को लेकर नगर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक

बैठक में रोजगार मेले की तैयारियों, व्यवस्थाओं तथा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही युवाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रचार-प्रसार एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, निर्मल जैन,नपा उपाध्यक्ष श्रीमती भावना निलेश वर्मा,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विष्णु पाटीदार सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में मंत्री टेटवाल सहित सभी अतिथियों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रोजगार मेले में शामिल होकर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसरों का लाभ उठाएं। युवा संगम रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त व ठोस पहल है। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।